Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding electrification of Diesel Locomotive Workshop in Jamalpur in Munger parliamentary constituency, Bihar.

श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' (मुंगेर): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। मेरे निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जमालपुर में सैकड़ों वर्ष पुराना डीजल लोकोमोटिव कारखाना है। इसके पास हजारों एकड़ में फैली आधारभूत संरचना है। जमालपुर शहर का जो 75 प्रतिशत भूभाग है, वह रेलवे की सम्पत्ति है। डीजल के बदले विद्युत लोकोमोटिव इंजन प्रचलन में आने के कारण धीरे-धीरे इस कारखाने को फेजवाइज बंद करने की प्रक्रिया रेलवे मंत्रालय द्वारा की जा रही है। फेजवाइज कर्मचारियों का स्थानांतरण किया जा रहा है, जो उचित नहीं है।

मैं आपके माध्यम से रेलवे मंत्रालय से आग्रह करना चाहता हूं कि इस डीजल लोकोमोटिव कारखाने को विद्युत लोकोमोटिव कारखाने के रूप में परिवर्तित करें। जो हजारों एकड़ जमीन, आधारभूत संरचना रेलवे मंत्रालय की वहां है, उसका उपयोग करे, ताकि बाजार और वहां के नौजवानों की बेरोजगारी पर प्रतिकूल असर नहीं पड़े। मैं आपके माध्यम से रेल मंत्रालय से यह मांग करता हूं।

माननीय अध्यक्ष:

श्री मलूक नागर और

श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल को श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।